# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

## दिनांक–30.05/2025 को सम्पन्न उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

कार्य प्रमण्डल सहरसा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के अन्तर्गत **मधेपुरा जिलान्तर्गत कोशी नदी के कपसिया घाट पर पीपा पुल का अधिष्ठापन मरम्मति के पश्चात लगाने तथा रख–रखाव एवं वर्षात के पूर्व खोलकर अगले पाँच क्रमिक वर्षो के लिए लगाये जाने तक सुरक्षित रखने एवं Re-setting/Re-Arranging संबंधित (42 सेट) निर्माण कार्य** के निविदा की तकनीकी बीड जिस पर तकनीकी मूल्यांकन समिति से अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः–**

(i) प्रबंध निदेशक, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल सहरसा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–579 (अनु0) दिनांक–29.05.2025 के माध्यम से तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी (पृ0–78–78/प0) अनुशंसा के साथ अंचलीय कार्यालय को समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित सुचनाओं की विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | :–मधेपुरा जिलान्तर्गत कोशी नदी के कपसिया घाट पर पीपा पुल का अधिष्ठापन मरम्मति के पश्चात लगाने तथा रख–रखाव एवं वर्षात के पूर्व खोलकर अगले पाँच क्रमिक वर्षो के लिए लगाये जाने तक सुरक्षित रखने एवं Re-setting/Re-Arranging संबंधित (42 सेट) निर्माण कार्य। |
| 2.2 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | :–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल सहरसा |
| 2.3 | निविदा संख्या एवं तिथि | :–500 दिनांक–02.05.2025 (पृ0–74/प0) |
| 2.4 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | :–एकल निविदादाता होने के फलस्वरूप पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया है। |
| 2.5 | निविदा के अनुमानित लागत | :– रू0 2254.68 लाख (पृ0–74/प0) |
| 2.6 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :–रू0–2513.99 लाख मात्र (पथ निर्माण विभाग का पत्रांक–466 (एस)दिनांक–21.01.25 (पृ0–56–58/प0) |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | :– (i) न्यू पॉन्टून का निर्माण–तीन माह<br>(ii) पॉन्टून लगाने का कार्य–15 दिन<br>(iii) पॉन्टून लगाने खोलने एवं रख–रखाव का कार्य–60 माह |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | :– ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :– 24.05.2025 (पृ0–74/प0) |
| 2.10 | प्राप्त निविदाकारों की संख्या | :– 01 (एक) अदद यथाः–<br>(1) M/s Ruby Industrial Fastensers, Patna |
| 2.11 | तकनीकी बीड की जाँच | :–प्रमण्डल, अंचलीय एवं तकनीकी मूल्यांकन समिति स्तर से जाँच की गई तुलनात्मक विवरणी संलग्न (पृ0–80–81/प0)। |
| 2.12 | तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णय | :–विषयांकित कार्य हेतु पुनः आमंत्रित निविदा में 01 (एक) निविदाकार M/S Ruby Industrial Fasteners, Patna ने भाग लिया। जाँचोपरान्त एकल निविदाकार M/S Ruby |

30/05/25

Industrial Fasteners, Patna द्वारा निविदा के सभी अर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित। चुँकि यह पुनर्निविदा एकल निविदादाता होने के फलस्वरूप वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–7806 दिनांक–30.09.2016 द्वारा दिये गये निदेश के अनुपालन में यदि दोबारा निविदा आमंत्रण के बाद भी तकनीकी बोली के मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु एक ही निविदा शेष हो तो उस विषय का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर उपर के प्राधिकार द्वारा किया जायेगा। तदालोक में विषयांकित योजना के तकनीकी बीड अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की गई है।

**उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय**

विषयांकित कार्य हेतु पुनः आमंत्रित निविदा में 01 (एक) निविदाकार M/S Ruby Industrial Fasteners, Patna ने भाग लिया। जाँचोपरान्त एकल निविदाकार M/S Ruby Industrial Fasteners, Patna द्वारा निविदा के सभी अर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित। चुँकि यह पुनर्निविदा एकल निविदादाता होने के फलस्वरूप वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–7806 दिनांक–30.09.2016 द्वारा दिये गये निदेश के अनुपालन में अनुमोदन किया जाना है (पृ0–79/प0), चुँकि निदेशक पर्षद की 248/15 दिनांक– 06.07.2022 बैठक की कारवाई में दिये गये निदेश के अनुपालन में उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उपरोक्त कार्य के तकनीकी बीड को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम Website पर 3 (तीन) दिनों तक रखा जाय एवं यदि दिनांक 03/06/2025 के अपराहन 04:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की अपत्ति प्राप्त होती है, तो उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षा हेतु बैठक आहूत की जाएगी।

विषयगत कार्य का निविदा की अनुमानित लागत रू0–2254.68 लाख है, जो रू0–1500.00 लाख से अधिक है, इसलिए विषयांकित योजना का वित्तीय बीड का अनुमोदन निदेशक पर्षद के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| **उप मुख्य अभियंता,**<br>कार्य अंचल–2<br>बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना। | **उप मुख्य अभियंता,**<br>कार्य अंचल–1<br>बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना। | **प्रबंध निदेशक,**<br>बि0रा0पु0नि0नि0लि0,<br>पटना। |